चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 17-4-24 | 02 | 1-2 |

# The Tribune




Prof BR Kamboj with a delegation from the Republic of Congo.

## Group from Congo gets HAU insights

HISAR, APRIL 16

A delegation led by the Ambassador of the Republic of Congo, Wabenga Kalebo Theo, today visited Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) here to get updates regarding advanced agricultural techniques, research work and other innovations in the field of agriculture.

Some farmers and officials of the university were present in the meeting. Vice-Chancellor Prof BR Kamboj said the members of the delegation were given detailed information about the research being conducted in the university, especially over seed improvement. A discussion was held on providing special support to the delegation in the cultivation of basmati rice and maize.

He said detailed discussions were held to enhance cooperation between the progressive farmers of the state and the Republic of Congo to identify resources for rice production and facilitate technology transfer.

Prof Kamboj said economic development in Congo can be accelerated by adopting the latest technologies related to the agricultural sector. Special emphasis was laid on seed production, agricultural self-reliance, maize production and increasing global demand for organic products, besides reducing food wastage, adding value to agricultural produce, making better storage arrangements and investing in post-harvest processing facilities, a KU spokesperson said.

Ambassador Theo said the meeting between the delegations would give impetus to various ambitious works related to increasing international cooperation with scientists, students and farmers. Advanced technologies and innovations of the university will significantly improve the economy of the Republic of Congo — TNS

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 17-4-24 | 03 | 01 |

THE TIMES OF INDIA

INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER | To subscribe call 1800 1200 004 or visit subscribe.timesgroup.com

## Congo delegation meets HAU VC

**Hisar:** Farmers from the Republic of Congo are set to benefit from the advanced agricultural techniques, research work and innovations of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar. On Tuesday, the members of a delegation from Congo led by ambassador Wabenga Kalebo Theo met HAU vice-chancellor Prof B R Kamboj. Progressive farmers of Haryana along with university officials were also present in the meeting. Prof Kamboj said the members of the delegation were given detailed information about the research work being done in the agriculture sector by the university and the improved varieties of seeds.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17-4-24 | 04 | 3-5 |

# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ : प्रो. काम्बोज

## » कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा



*कांगो गणराज्य प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

हिसार, 16 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में डॉ. मंगलसेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17-4-24 | 05 | 1-5 |

# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ : प्रो. काम्बोज

हिसार, 16 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कांगो गणराज्य प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों व अधिकारियों के साथ।

अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई। प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. नीरज कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे।

## कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि का दौरा

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में डॉ. मंगल सेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17-4-24 | 02 | 3-8 |

खेतीबाड़ी

कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल ने किया एचएयू का दौरा, कुलपति प्रो. कांबोज बोले

# उन्नत तकनीक व नवाचारों का कांगो के किसानों को मिलेगा लाभ

संवाद न्यूज एजेंसी



एचएयू में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ। स्रोत: विवि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबोथियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज से मुलाकात की। इस बैठक में एचएयू के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. कांबोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए बातचीत की गई। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिर्पोट प्रस्तुत की।

भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खिच्चड़, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विवि परिसर में डॉ. मंगल सेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 17-4-24 | 07 | 1-3 |

# हकृवि की तकनीकों से कांगो गणराज्य को मिलेगा लाभ : काम्बोज

**प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा, उन्नत तकनीकों व नवाचारों के बारे में ली जानकारी**



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ।-हप्र

हिसार, 16 अप्रैल (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल के साथ बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई। प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17-4-24 | 07 | 2-3 |



# कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया एचएयू कैंपस का दौरा

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खास तौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु बातचीत की गई।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 17-4-24 | 03 | 2-3 |

# कांगो को चावल व मक्का की खेती में सहयोग करेगा हकृवि



कांगो के प्रतिनिधि मंडल के साथ वीसी प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य। • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के मध्य हुई बैठक से अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा, डा. आशा क्वात्रा, भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, डा. बलवान सिंह मंडल, डा. अतुल ढींगड़ा, डा. एसके पाहुजा, डा. एमएल खीचड़, डा. नीरज कुमार, डा. मंजु महता, डा. बीना यादव व डा. पी कीर्ति उपस्थित रहे।

| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि- भूमि | 17-4-24 | 12 | 3-7 |

**बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर हुई चर्चा**

# कांगो गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की। बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए विस्तार से बातचीत की गई। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एसके पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खिचड़, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कांगो गणराज्य प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ।
फोटो: हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्त्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा।

## प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थलों का किया दौरा

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में डॉ. मंगल सेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 18-4-24 | 03 | 6-8 |

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

## शकरकंद की बिजाई के लिए पूसा लाल और पूसा सफेद किस्मों का इस्तेमाल करें किसान

### एक एकड़ में बिजाई के लिए 24 से 28 हजार बेलों की काटों की होगी आवश्यकता

भास्कर न्यूज | हिसार

शकरकंद की बिजाई के लिए पूसा लाल व पूसा सफेद किस्मों का प्रयोग करें। शकरकंद की काट को खेत में अप्रैल से जुलाई तक लगाते हैं। इसके लिए खेत को पूरी तरह से तैयार कर लें।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि एक एकड़ में बिजाई के लिए 24 से 28 हजार बेलों की काटों की आवश्यकता पड़ेगी। खेत तैयार करते समय 10 टन गोबर की सड़ी खाद, 16 किलोग्राम नाइट्रोजन, 225 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट 36 किलोग्राम फास्फोरस तथा 55 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश 32 किलोग्राम पोटाश प्रति एकड़ की दर से काटों को लगाने से पहले दें। खेत को क्यारियों में बांट लें तथा कतारों में 50-60 सेंटीमीटर की दूरी पर काटों को लगाएं। पौधे से पौधे की दूरी 30 सेंटीमीटर रखें। काट लगाते समय ध्यान रखें कि ऊपर तथा नीचे की दोनों गांठें दबी हों।



शकरकंद की बिजाई की (फाइल फोटो)।

### इधर, चूसने वाले कीट बैंगन पर कर सकते हैं हमला

बैंगन की फसल में रस चूसने वाले कीटों का आक्रमण हो सकता है। ऐसे में 300-400 मिली. मैलाथियान 50 ईसी. को 200-250 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़कें। 75 ग्राम स्पाइनोसेड ट्रेसर 45 एससी. 200 लीटर पानी में प्रति एकड़ 15 दिन के अंतर पर छिड़कें। दवा प्रयोग से पहले सब्जी बनाने वाले फलों को तोड़ लें और दवा प्रयोग के बाद फसल को 8-10 दिनों तक खाने के काम में न लें। कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से पहले टहनियों के ग्रसित भाग व काने फलों को तोड़कर नष्ट कर दें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 16.04.2024 | -- | -- |


# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभः प्रो. काम्बोज



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में जानकारी दी गई। बासमती चावल एवं मक्का की खेती मे खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु बातचीत की गई। प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधिमंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ.एस.के.पाहुजा, डॉ. एमएल. खिच्चड़, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में डॉ. मंगल सेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 16.04.2024 | -- | -- |


# कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि का दौरा



**पल पल न्यूज: हिसार, 16 अप्रैल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोंट प्रस्तुत की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. नीरज कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 17.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ: प्रो. बीआर काम्बोज

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 अप्रैल : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की। बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केंद्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए विस्तार से बातचीत की गई। कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के मध्य हुई बैठक से अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 16.04.2024 | -- | -- |


# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि का दौरा

**चिराग टाइम्स न्यूज**



हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. नीरज कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे।